ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, गुरूवार 04 दिसम्बर 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 216

गडकरी ने संसद में टोल टैक्स पर दी बड़ी खबर, 1 साल में सारे बूथ होंगे खत्म



24 न्यूज अपडेट


नई दिल्ली:

आने वाले एक साल में आपको टोल टैक्स पर जाम से दो-चार नहीं होना पड़ेगा. दअरसल, इसे लेकर केंद्र सरकार एक खास सिस्टम पर काम कर रही है. इस सिस्टम के लागू होने के बाद टोल बूथ पर पैसे के भुगतान के लिए किसी भी वाहन को कतार में खड़े होकर आपनी बारी का इंतजार नहीं करना पड़ेगा. केंद्रीय मंत्री नितन गडकरी इस नए सिस्टम को लेकर लोकसभा में बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि अगले एक साल में टोल कलेक्शन की मौजूदा व्यवस्था को पूरी तरह से बदल दिया जाएगा. आगे से टोल टैक्स, इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली के माध्यम से ही चुकाया जाएगा. इससे वाहन चालकों को सबसे ज्यादा फायदा होने वाला है. शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में गुरुवार को नितिन गडकरी ने कहा कि नई प्रणाली 10 स्थानों से शुरू की गई है और अगले एक साल के भीतर पूरे देश में इसका विस्तार किया जाएगा. उन्होंने कहा कि इसके आने से मौजूदा टोल व्यवस्था खत्म हो जाएगी. टोल के नाम पर आपको रोकने वाला कोई नहीं होगा. एक साल के अंदर पूरे देश में 'इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन' लागू कर दिया जाएगा.गडकरी ने यह भी कहा कि फिलहाल देश भर में 10 लाख करोड़ रुपये की 4,500 राजमार्ग परियोजनाएं जारी हैं.

आपको बता दें कि हाल में जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया' (एनपीसीआई) ने भारत के राजमार्गों पर टोल संग्रह को सुव्यवस्थित करने के लिए राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (एनईटीसी) कार्यक्रम विकसित किया है, जो इलेक्ट्रॉनिक टोल भुगतान के लिए एक एकीकृत 'इंटरऑपरेबल प्लेटफॉर्म' है. लोकसभा में बोलते हुए नितिन गडकरी ने दिल्ली में प्रदूषण को लेकर भी टिप्पणी की. उन्होंने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार वैकल्पिक ईंधन को प्राथमिकता दे रही है और टोयोटा की 'मिराई' हाइड्रोजन ईंधन-सेल कार का उपयोग शुरू कर दिया गया है.गडकरी ने पूरक प्रश्नों के उत्तर में कहा कि भविष्य का ईंधन हाइड्रोजन है. मेरे पास एक कार भी है, जो हाइड्रोजन चालित है, और यह कार टोयोटा की है. यह मर्सिडीज के समान आराम देती है। कार का नाम 'मिराई' है, जो एक जापानी शब्द है जिसका अर्थ 'भविष्य' है.

इसी साल अक्टूबर में केंद्र सरकार ने बिना फास्टैग वाले वाहन चालकों को बड़ी राहत दी थी. इस राहत के तहत कहा गया था कि अगर किसी वाहन में FASTag नहीं है, या वह काम नहीं कर रहा है, तो टोल प्लाजा पर नकद में दोगुना टैक्स देने के बजाय UPI से भुगतान करने पर केवल 1.25 गुना ही टोल टैक्स देना होगा. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इसके लिए एक नोटिफिकेशन जारी किया था. यह नई व्यवस्था 15 नवंबर से देशभर के टोल प्लाजा पर लागू हो चुकी है.

लेट फीस के साथ 31 दिसंबर तक फाइल करें ITR: ऐसा न करने पर नोटिस भेज सकता है इनकम टैक्स डिपार्टमेंट



24 न्यूज अपडेट

अगर आपने अभी तक वित्त वर्ष 2024-25 का इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) फाइल नहीं किया है तो लेट फीस के साथ 31 दिसंबर 2025 फाइल कर सकते हैं। यानी इसके लिए आपके पास 1 महीने से भी कम का समय बचा है। इसके बाद आप रिटर्न फाइल नहीं कर पाएंगे, जिससे नोटिस आने के साथ ही जुर्माना सहित अन्य कानूनी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

यदि आप 5 लाख से कम इनकम का बिलेटेड इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करते हैं तो आपको 1,000 रुपए लेट फीस देनी होगी। वहीं, 5 लाख या उससे अधिक की इनकम पर 5,000 रुपए की लेट फीस देनी होगी। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बिना किसी लेट फीस के ITR फाइल करने की आखिरी तारीख 16 सितंबर थी।

बिलेटेड टैक्स रिटर्न क्या होता है?

अगर आप अपनी इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) नॉर्मल ड्यू डेट (यानी 31 जुलाई या 31 अगस्त, जो भी लागू हो) के बाद फाइल करते हो, तो उसे बिलेटेड रिटर्न कहते हैं। सरल भाषा में समय पर ITR नहीं भरी, बाद में भरा तो ये बिलेटेड रिटर्न कहलाता है।

अगर 31 दिसंबर के बाद ITR फाइल करने पर आपका रिफंड (वापस मिलने वाला टैक्स) क्लेम नहीं होगा, चाहे कितना भी रिफंड बनता हो, वो सरकार के पास चला जाएगा।

साइबर अपराधी और बेटिंग ऐप का नेटवर्क ग्रामीण इलाकों को बना रहा ठिकाना, सत्यापन हो रहा मुश्किल!



24 न्यूज अपडेट

साइबर अपराधी और ऑनलाइन बेटिंग का नेटवर्क चलाने वाले अपराधी ग्रामीण इलाकों को अपना ठिकाना बना रहे हैं. ग्रामीण इलाकों में साइबर नेटवर्क या ऑनलाइन बेटिंग का संचालन करने वालों पर लोगों का ध्यान नही जाता है.

हाल के दिनों में पुलिस की कार्रवाई में कई खुलासा हुआ है. साइबर अपराधी बड़े शहरों को छोड़कर ग्रामीण इलाकों को ठिकाना बना रहे हैं. ग्रामीण इलाकों में अपराधियों को आसानी से घर मिल जाता है और लोग उनकी गतिविधि से अंजान रहते हैं. बड़े शहरों में और साइबर अपराध से जुड़े हुए इलाकों पर पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों की नजर भी रहती है. ग्रामीण इलाकों में वे सभी से बचने में आसानी होती है. पलामू के इलाके से पकड़े गए नेटवर्क में स्थानीय लिंक नहीं है.

केस स्टडी- 01

1 दिसंबर को पलामू पुलिस ने हुसैनाबाद के इलाके में ऑनलाइन बेटिंग से जुड़े हुए एक नेटवर्क को पकड़ा था. इस नेटवर्क से छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड के साइबर अपराधी जुड़े हुए थे. जिस घर से सभी अपराधी पकड़े गए उसके मकान मालिक को उनकी गतिविधि के बारे में जानकारी नहीं थी. पकड़ा गया नेटवर्क पूरे भारत में ऑनलाइन बेटिंग के माध्यम से फर्जीवाड़ा कर रहा था. पुलिस ने मौके से सात अपराधियों को गिरफ्तार किया था.

केस स्टडी- 02

पलामू में सदर थाना क्षेत्र के चियांकि में 2024 में क्रिकेट में ऑनलाइन सट्टेबाजी करवाने वाले 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था. आरोपियों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में लैपटॉप और मोबाइल बरामद किया गया. सभी आरोपी किराये का मकान लेकर रहते थे. गिरफ्तार आरोपी यूपी, बिहार समेत कई इलाकों के रहने वाले थे. सभी आरोपी किराया का मकान लेकर ऑनलाइन ऑनलाइन स्टडी की बात बताई थी.

हाल के दिनों में देखा गया कि हुसैनाबाद एवं सदर के इलाके में कार्रवाई के दौरान ऑनलाइन वेटिंग और सट्टेबाजी की जानकारी मिली है. दोनों मामलों में किराये पर घर लिया गया था. पुलिस लगातार अपील कर रही है कि किरायेदारों का वेरिफिकेशन करवाएं. पलामू में स्थानीय स्तर पर नेटवर्क डेवलप नहीं हुआ है. पुलिस अभी इलाकों में नजर रखे हुए हैं और कार्रवाई भी कर रही है. -रीष्मा रमेशन, एसपी, पलामू.

राजस्थान में तापमान 3.2°C, कोल्डवेव का अलर्ट: हिमाचल में पारा शून्य से नीचे; MP के 10 शहरों का तापमान 10°C से कम, UP में 7 फ्लाइट कैंसिल



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान में तेजी से सर्दी बढ़ रही है। गुरुवार सुबह सीकर के फतेहपुर में 3.2C और बीकानेर के लूणकरणसर में 3.2C तापमान रिकॉर्ड हुआ। सीकर, चूरू और झुंझुनूं जिलों में अन्य जिलों के मुकाबले ज्यादा सर्दी महसूस की जा रही है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन कोल्डवेव का अलर्ट जारी किया है।

इधर, पहाड़ी राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के ऊंचाई वाली इलाकों में 5 और 7 दिसंबर को वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते बर्फबारी-बारिश की संभावना है। हिमाचल के 17 शहरों में मिनिमम टेम्परेचर 5C से नीचे रिकॉर्ड हुआ। लाहौल स्पीति के ताबो में -9.8C, कल्पा में -1.5C, कुकुमसेरी में -3.9C रिकॉर्ड हुआ।

मध्य प्रदेश में भी सर्दी का असर बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और फिर बर्फ पिघलने से प्रदेश में सर्दी और बढ़ेगी। तापमान में 2-3C तक गिरावट होगी। गुरुवार को भी राज्य के 10 शहरों का तापमान 10C से कम रिकॉर्ड किया गया।

उत्तर प्रदेश में भी सर्दी में तेजी आई है। कई शहरों में रात का तापमान सामान्य से नीचे रिकॉर्ड किया गया। मुजफ्फरनगर सबसे ठंडा रहा, यहां तापमान 7.1C रिकॉर्ड किया गया। विजिबिलिटी में कमी के चलते लखनऊ एयरपोर्ट पर 20 से ज्यादा फ्लाइट्स लेट पहुंची, जबकि दिल्ली, कोलकाता और मुंबई से पहुंचने वाली 7 फ्लाइटें कैंसिल हो गईं।

सेंसेक्स 159 अंक चढ़कर 85,265 पर बंद: IT और रियल्टी शेयरों में तेजी रही; मीशो का IPO दो दिन में 6 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब



24 न्यूज अपडेट

हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार, 4 दिसंबर को सेंसेक्स 159 अंक चढ़कर 85,265 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 48 अंक की तेजी रही, ये 26,034 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयरों में तेजी रही। निफ्टी के 50 में से 34 शेयर्स ऊपर बंद हुए। ऑटो, IT और रियल्टी शेयरों में ज्यादा तेजी देखने को मिली। मीडिया 1.45% नीचे आ गया।

संस्कारी भाजपा विधायक के बोल-बहुत सी महिलाएँ संतुष्टि के लिए कुत्तों के साथ सोती हैं। मोबाइल पर भी देख लीजिए



24 न्यूज अपडेट

पटना। बिहार के मोतिहारी से भाजपा विधायक प्रमोद कुमार ने बुधवार को एक ऐसा बयान दिया, जिसने राजनीतिक और सामाजिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया पैदा कर दी। दिल्ली में कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी द्वारा संसद में पालतू कुत्ता लाने के मुद्दे पर जब उनसे पटना में सवाल पूछा गया, तो उन्होंने महिलाओं को लेकर एक अशोभनीय टिप्पणी कर दी। इस टिप्पणी ने तुरंत विवाद का रूप ले लिया। प्रश्न पूछे जाने पर विधायक ने कहा— बहुत सी महिलाएँ संतुष्टि के लिए कुत्तों के साथ सोती हैं। मोबाइल पर भी देख लीजिए, सब मिल जाएगा। इस बयान को लेकर कई संगठनों और दलों ने कड़ी आपत्ति जताई है। राजद प्रवक्ता प्रियंका भारती ने वीडियो साझा करते हुए लिखा कि ऐसे बयान समाज और राजनीति दोनों का स्तर गिराते हैं। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. स्नेहाशीष वर्धन ने इसे "बेहद शर्मनाक" बताया और कहा कि विधायक को तत्काल माफी मांगनी चाहिए। राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने सवाल उठाया कि भाजपा महिला नेताओं ने इस पर मौन क्यों साध रखा है। सोशल मीडिया पर भी लोगों ने गुस्सा जताया और विधायक पर कार्रवाई की मांग की है। कई यूजर्स ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को भाषा और मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए।

1 दिसंबर को पालतू कुत्ते के साथ संसद पहुंचीं थीं रेणुका चौधरी

संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी अपने साथ एक पिल्ला लेकर संसद परिसर में पहुँचीं। भाजपा सांसदों ने इसे प्रोटोकॉल के खिलाफ बताते हुए आपत्ति जताई थी। जब उनसे पूछा गया कि वे कुत्ते को संसद क्यों लाई हैं, तो उन्होंने कहा— "ये छोटा, नुकसान न पहुंचाने वाला प्राणी है। असली डसने वाले तो संसद में बैठे हैं।" इस घटना को लेकर भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने कार्रवाई की मांग की थी, जबकि मीडिया और कुछ सांसद उस दौरान पिल्ले से खेलते भी दिखाई दिए। रेणुका चौधरी की सफाई—"मैंने सिर्फ एक असहाय जानवर को बचाया" रेणुका चौधरी ने कहा कि रास्ते में एक दुर्घटना के दौरान पिल्ला सड़क पर भटकता मिला। "मैंने सोचा कि यह किसी वाहन के नीचे आ सकता है, इसलिए इसे कार में रखकर संसद तक ले आई और बाद में सुरक्षित भिजवा दिया।" उन्होंने जोड़ा कि असली मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय "एक गूंगे जानवर" पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

सुप्रीम कोर्ट बोला-BLOs के काम के दबाव को कम करें



24 न्यूज अपडेट

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया कि वे SIR में लगे बूथ लेवल अधिकारियों (BLOs) के काम के दबाव को कम करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति पर विचार करें।

सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्रि कझगम (TVK) की उस याचिका पर दिया, जिसमें मांग की गई थी कि समय पर काम ना कर पाने BLOs के खिलाफ जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्रवाई न की जाए।

TVK के वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि चुनाव आयोग के अफसरों के दबाव की वजह से कई BLOs की मौत हो चुकी है। यदि BLO टारगेट पूरा नहीं कर पा रहे हैं, तो EC उनके खिलाफ FIR दर्ज करवा रही है।

भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारी SIR सहित दूसरे वैधानिक कामों को करने के लिए बाध्य हैं। राज्य सरकारों का भी कर्तव्य है कि वे चुनाव आयोग (EC) को कर्मचारी उपलब्ध कराएं।

सोना 369 गिरकर 1.28 लाख प्रति 10 ग्राम हुआ: चांदी 1,565 फिसलकर 1.77 लाख किलो बिक रही



24 न्यूज अपडेट

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 4 दिसंबर को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम सोना 369 रुपए सस्ता होकर 1,27,845 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,28,214 रुपए का था। वहीं, चांदी का दाम 1,565 रुपए गिरकर 1,76,625 रुपए हो गया है। इससे पहले चांदी की कीमत 1,78,190 रुपए प्रति किलोग्राम थी।

संपादकीय : समय पर समझ

सरकार ने हाल में आदेश दिया कि स्मार्टफोन में साइबर सुरक्षा एप 'संचार साथी' को पहले से ही अनिवार्य रूप से 'इंस्टाल करना होगा । साथ ही मौजूदा मोबाइल फोन पर अद्यतन के माध्यम से इसे लगाने का निर्देश दिया गया। इससे एक नया विवाद पैदा हो गया। विपक्षी दलों समेत सामाजिक कार्यकर्ताओं ने वह तर्क देकर इसका विरोध किया कि यह आदेश मोबाइल उपयोगकर्ताओं की निजता के अधिकार का उल्लंघन है। आशंका जताई गई कि इस एप के इस्तेमाल से लोगों की गतिविधियों की निगरानी की जा सकती है। सड़क से लेकर संसद तक इस विरोध की गूंज सुनाई देने पर सरकार ने बुधवार को अपना आदेश वापस ले लिया। सवाल है कि सरकार को 'संचार साथी' एप की सुविधा स्मार्टफोन में पहले से देने की अनिवार्यता क्यों महसूस हुई ? अगर इसका उद्देश्य लोगों को साइबर धोखाधड़ी से बचाना है, तो क्या इस सुविधा को ऐच्छिक तौर पर लागू नहीं किया जा सकता था? लोगों को अपने मोबाइल में कौन सा एप रखना है और कौन सा नहीं, इसका निर्णय अगर सरकार करने लगे, तो आशंकाएं पैदा होना स्वाभाविक है। इसमें दोराय नहीं है कि तेजी से डिजिटल होती दुनिया में साइबर धोखाधड़ी और इससे जुड़े अन्य अपराधों का दायरा बढ़ता जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले वर्ष 22.68 लाख नागरिक साइबर अपराध का शिकार हुए, जिन्होंने करोड़ों रुपए की अपनी खून-पसीने की कमाई गंवा दी। पिछले दिनों सर्वोच्च न्यायलय ने भी साइबर फर्जीवाड़े से जुड़ी 'डिजिटल अरेस्ट' की बढ़ती वारदातों पर चिंता जताते हुए कहा था कि सरकार को इस तरह के अपराध से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। ऐसे में सरकार अगर इस दिशा में कोई ठोस उपाय करती है, तो उसका स्वागत किया जाना चाहिए । मगर, इसमें लोगों की निजता का पहलू भी महत्त्वपूर्ण है। क्या अपराध या जोखिम से बचाव के लिए किसी ऐसे औजार का इस्तेमाल अनिवार्य किया जा सकता है, जो लोगों में नई तरह की असुरक्षा को लेकर आशंकाएं पैदा कर दें? वैसे भी 'संचार साथी" पहले से ही इंटरनेट पर सर्च इंजन पर मौजूद है और सरकार इसे अनिवार्य रूप से इस्तेमाल में लाने के बजाय लोगों को इसे अपने स्मार्ट फोन में लगने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है। हालांकि, सरकार की ओर से स्पष्ट किया गया कि मोबाइल उपयोगकर्ता के पास 'संचार साथी' एप को हटाने का विकल्प मौजूद रहेगा। मगर, विपक्षी दलों का तर्क था कि सरकार के आदेश में कहा गया है कि इस एप को इस तरह लगाया जाए कि इसे न तो हटाया और न ही प्रतिबंधित या अक्षम किया जा सके। बहरहाल, सरकार ने तमाम आशंकाओं और विरोध के बीच अनिवार्यता के अपने आदेश को वापस ले लिया है और साथ ही इस बात को दोहराया है। कि इसका उद्देश्य केवल लोगों को साइबर धोखाधड़ी और मोबाइल चोरी जैसी घटनाओं से बचना था। चूंकि, इस तरह की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं, इसलिए यह भी जरूरी है कि कम जागरूक नागरिकों के पास सुरक्षा के विकल्प होने चाहिए, लेकिन इनकी विश्वसनीयता तभी होती है, जब ये ऐच्छिक हों। इस बीच यह खबर भी आई कि मंगलवार को छह लाख नागरिकों ने 'संचार साथी' एप डाउनलोड करने के लिए पंजीकरण कराया है। इससे साफ है कि किसी तरह की अनिवार्यता लागू करने की बजाय लोगों को इस संबंध में व्यापक रूप से जागरूक करने की जरूरत है।

रुपए में गिरावट

पिछले कई दिनों से घरेलू शेयर बाजार में अनिश्चितता, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर असमंजस के बीच भारतीय मुद्रा भी कमजोर हो रही है। रुपया बुधवार को पच्चीस पैसे टूट कर 90.21 प्रति डालर के सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। पिछले पांच दिनों से यह गिरावट देखी जा रही है। सवाल है कि डालर के मुकाबले भारतीय मुद्रा का मूल्य क्यों गिरता जा रहा है? यह निराशाजनक है कि दुनिया के प्रमुख देशों की मुद्रा की तुलना में रुपया कमजोर होता चला गया है। इसकी बड़ी वजह डालर की बढ़ती मांग के साथ विदेशी निवेशकों की शेयर बाजार से मुनाफावसूली भी मानी जा रही है। इसके अलावा इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि भारत पर अमेरिकी शुल्क लगाने का भी रुपए पर प्रतिकूल असर पड़ा है। मगर सवाल है कि भारतीय रिजर्व बैंक रुपए को संभालने के लिए ठोस एवं प्रभावी कदम क्यों नहीं उठा पा रहा है ? इसमें कोई दोराय नहीं है कि अमेरिकी शुल्क की घोषणा के बाद से विदेशी निवेश का प्रवाह कम हुआ है और इसका असर घरेलू शेयर बाजार भी पड़ा है। मगर ऐसा लगता है कि सरकार इस स्थिति को शायद गंभीरता से नहीं ले रही है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन का मानना है कि भारतीय मुद्रा में गिरावट चिंता का विषय नहीं है, क्योंकि इसका महंगाई या निर्यात पर कोई असर नहीं पड़ने जा रहा। उन्होंने अगले वर्ष की शुरुआत में डालर के मुकाबले रुपए में सुधार की उम्मीद जताई है। मगर अभी जिस हिसाब से भारतीय मुद्रा में गिरावट का सिलसिला जारी है, उसमें कितना और कैसे सुधार होगा, फिलहाल इसकी कोई साफ तस्वीर नजर नहीं आ रही है। बाजार में नरमी के बीच निवेशकों की जो आशंकाएं है, उन्हें कौन दूर करेगा ? जाहिर है कि इस सूरत में रिजर्व बैंक को रुपए के समर्थन में मजबूती से हस्तक्षेप करना होगा। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता होने के बाद भी रुपए में गिरावट थमेगी या नहीं, यह कहना अभी मुश्किल है। रुपया और कमजोर न हो, इसके लिए अब सभी स्तरों पर कदम उठाने की जरूरत है।

उदयपुर लौट रहे डायमंड वर्कर को बस में नशीला पदार्थ सुंघाकर लूटा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 दिसंबर। सूरत से उदयपुर आ रहे एक डायमंड वर्कर के साथ यात्रा के दौरान बड़ी लूट की वारदात सामने आई है। भींडर निवासी खेमराज डांगी (45) को एक अनजान युवक ने बस में नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया और उनके गले से करीब 2.50 लाख रुपए कीमत की दो तोला सोने की चेन तथा 6,000 रुपए नकद लेकर फरार हो गया। पुलिस चौकी पर खुली आंखें, तब समझ आया वारदात का पूरा सच घटना के अगले दिन जब खेमराज की आंखें उदयपोल बस स्टैंड स्थित पुलिस चौकी में खुलीं, तो वे घबराए हुए थे। होश में आने पर उन्हें पता चला कि उनके साथ लूट हो चुकी है। परिजन को सूचना दी गई, जिसके बाद उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार, पीड़ित को नशीली दवा सुंघाकर बेहोश किए जाने की आशंका है। सूरत बस स्टैंड पर हुई थी अनजान युवक से मुलाकात खेमराज सूरत में डायमंड फैक्ट्री में काम करते हैं और बीती रात वे उदयपुर में एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए निकल रहे थे। उन्हें अचानक आना था, इसलिए टिकट नहीं मिल पाया। वे सूरत बस स्टैंड पर निजी बस का इंतजार कर रहे थे, तभी एक युवक उनसे आकर बोला कि वह भी उदयपुर ही जा रहा है। धीरे-धीरे बातचीत बढ़ी और युवक ने भरोसा जीतते हुए कहा कि डबल स्लीपर लेना ठीक रहेगा। बस आने पर दोनों एक ही डबल स्लीपर कोच में बैठ गए।

रास्ते में साथ खाना खाया, फिर लगी नींद

बारोडा के पास बस रुकने पर दोनों ने साथ खाना खाया। चने और वेफर्स भी खाए। इसके बाद खेमराज ने मोबाइल चलाते हुए धीरे-धीरे आंखें मूंद लीं। इसके बाद क्या हुआ—उन्हें कुछ याद नहीं। उन्हें यह भी नहीं पता कि उदयपुर बस स्टैंड पुलिस चौकी तक वे कब और किसके साथ पहुंचे। होश आने पर ही उन्होंने खुद की हालत और चोरी का पता लगाया।

पुलिस जांच शुरू

पीड़ित की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। पुलिस स्लीपर बस, बड़ौदा पड़ाव और उदयपुर स्टैंड के CCTV फुटेज की तलाश कर रही है। शुरुआती संभावना है कि युवक लूट की पूरी योजना बनाकर ही यात्रा में शामिल हुआ था।

घड़ी दिखाने का बहाना और चुराया मोबाइल! उदयपुर में चोर की करतूत CCTV में कैद



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदियापोल–सूरजपोल थाना क्षेत्र में बीती रात गुलाब बाग रोड स्थित एक मोबाइल शॉप पर चतुराई से की गई चोरी की वारदात कैमरे में कैद हो गई। CCTV फुटेज में साफ दिखाई देता है—एक युवक दुकान में आता है, और स्टाफ से घड़ी दिखाने को कहता है। काउंटर पर स्टाफ का मोबाइल रखा हुआ था। जैसे ही स्टाफ काउंटर से पीछे मुड़ता है युवक मौका ताड़ता है और पलक झपकते ही मोबाइल जेब में डालकर निकल जाता है। दुकान के बाहर लगी दूसरी CCTV में भी वही युवक अपनी टू-व्हीलर पर फरार होता नजर आता है। पुलिस अब इस बदमाश की तलाश में जुट गई है। हम सभी नागरिकों से अपील करते हैं— CCTV में दिख रहे युवक का चेहरा ध्यान से देखें। अगर वह किसी की नज़र में आए, तो तुरंत पुलिस को सूचना देकर दुकानदार की मदद करें। चोरी की ये वारदात एक बार फिर चेतावनी देती है— दुकान पर अकेले स्टाफ का होना, या काउंटर पर महंगे मोबाइल खुले छोड़ देना भारी पड़ सकता है। सावधान रहें सतर्क रहें।

गोगुंदा में डिजिटल पेमेंट के नाम पर ठगी: फर्जी UPI स्क्रीनशॉट दिखाकर 18,500 रुपए उड़ाए



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. जिले के गोगुंदा कस्बे में कपड़ा व्यापारी से डिजिटल पेमेंट के बहाने 18,500 रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। मुख्य बाजार स्थित श्री नाकोड़ा कलेक्शन एंड टेलर्स के संचालक इंद्रलाल टेलर ने पुलिस को बताया कि दो युवक ग्राहक बनकर दुकान पर पहुंचे थे। उनमें से एक ने 10 जोड़ी कपड़े खरीदे, जिनकी कुल कीमत 20,500 रुपए थी। युवक ने 2,000 रुपए नकद भुगतान किया और शेष 18,500 रुपए फोन-पे से ट्रांसफर करने का दावा किया। उसने व्यापारी को एक फर्जी UPI स्क्रीनशॉट दिखाया और कहा कि "सर्वर डाउन" होने से मैसेज तत्काल नहीं आएगा। उस समय दुकान पर भीड़ होने के कारण इंद्रलाल टेलर को शक नहीं हुआ और उन्होंने युवकों को जाने दिया। कुछ समय बाद जब खाते में रुपए जमा नहीं हुए, तब व्यापारी को ठगी का पता चला। इसके बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया, जिनमें दोनों युवक एक बुलेट बाइक पर दुकान से निकलते हुए दिखाई दिए। फुटेज सोशल मीडिया पर भी साझा किए गए हैं। पीड़ित इंद्रलाल टेलर ने गोगुंदा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने बाइक नंबर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने व्यापारियों से अपील की है कि वे डिजिटल पेमेंट के केवल स्क्रीनशॉट पर भरोसा न करें। ग्राहक को तभी जाने दें जब राशि व्यापारी के बैंक खाते में सफलतापूर्वक क्रेडिट हो जाए।


नौसेना दिवस के अवसर पर 1 राज एनसीसी नेवल यूनिट में समारोह का आयोजन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 दिसम्बर। भारतीय नौसेना दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को 1 राज नेवल एनसीसी यूनिट द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि ग्रुप कमांडर कर्नल एन.के. भगासरा रहे। उन्होंने भारतीय नौसेना की उपलब्धियों, समर्पण और राष्ट्र की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में उसकी महत्व पूर्ण भूमि का पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर कमांडर शकील अहमद ने की। उन्होंने कैडेट्स को 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान भारतीय नौसेना द्वारा किए गए ऐतिहासिक ऑपरेशन ट्राइडेंट की महत्ता समझाई। कार्यक्रम संचालन कैडेट कैप्टन आविशी पालीवाल ने किया। समारोह में शहीद ले.अभिनव नागौरी के माता-पिता विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को भावनात्मक और प्रेरणादायक बनाया । उन्होंने कैडेट्स के साथ मिल कर केक काटकर नौसेना दिवस का उत्सव मनाया, जिससे सभी उपस्थित कैडेट्स में देश भक्ति और एकता की भावना और प्रबल हुई। कार्यक्रम में मौजूद भूतपूर्व नेवल सैनिकों ने भी अपने अनुभवों और समुद्री जीवन की चुनौतियों को साझा किया। उनके वक्तव्यों ने कैडेट्स को भारतीय नौसेना की वास्तविकता और गौरवशाली परंपरा से रूबरू कराया। समारोह के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित भी किया गया और सभी को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया गया।

रेलवे बोर्ड में सुश्री अपर्णा गर्ग ने संभाला सदस्य (वित्त) का पदभार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। भारतीय रेल प्रशासन में एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए 1987 बैच की भारतीय रेलवे लेखा सेवा (IRAS) की वरिष्ठ अधिकारी सुश्री अपर्णा गर्ग ने 1 दिसंबर 2025 को रेलवे बोर्ड में सदस्य (वित्त) का पदभार ग्रहण किया। 36 वर्षों से अधिक के व्यापक अनुभव के साथ उन्हें भारत सरकार के सबसे वरिष्ठ और कुशल सिविल सेवकों में गिना जाता है। सुश्री गर्ग ने अपने करियर के दौरान भारतीय रेल के कई अहम पदों पर नेतृत्व किया है। वे मैसूर मंडल की मंडल रेल प्रबंधक, रेल व्हील फैक्ट्री (बेंगलुरु) में प्रधान वित्तीय सलाहकार, तथा भारतीय रेलवे वित्त प्रबंधन संस्थान (IRIFM) की महानिदेशक रह चुकी हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उनकी प्रतिष्ठा दर्ज है। वे CH-EVENING FELLOW रह चुकी हैं। लीड्स विश्वविद्यालय (यूके) से उन्होंने परिवहन अर्थशास्त्र में उन्नत स्नातकोत्तर उपाधि हासिल की है। साथ ही उन्होंने बोकोनी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (मिलान), INSEAD (सिंगापुर) और ISB (हैदराबाद) से उन्नत कार्यकारी प्रशिक्षण प्राप्त किया है। रेलवे बोर्ड में सदस्य (वित्त) के रूप में उनकी नियुक्ति से वित्तीय प्रबंधन, नीति निर्माण और आधुनिकीकरण की दिशा में भारतीय रेल को नई गति मिलने की उम्मीद है।

एमएलएसयू में प्रो. दिग्विजय भटनागर बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के सदस्य नियुक्त



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय (MLSU), उदयपुर ने प्रशासनिक ढांचे में एक महत्वपूर्ण नामांकन करते हुए इतिहास विभाग, UCSSH के प्रोफेसर दिग्विजय भटनागर को बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट का सदस्य नियुक्त किया है। जारी आदेश में बताया गया है कि कुलपति ने प्रो. भटनागर को यह दायित्व तत्काल प्रभाव से एक वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश जारी होने तक, जो भी पहले हो, प्रदान किया है। यह नियुक्ति विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 19(1)(III)(II) के तहत की गई है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ने आदेश जारी करते हुए कहा कि प्रो. भटनागर का अनुभव एवं शैक्षणिक योगदान विश्वविद्यालय की नीतिगत व प्रशासनिक कार्यप्रणाली को सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

शिल्पग्राम पर निःशुल्क फोटो प्रतियोगिता के लिए अंतिम दिवस कल

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर की ओर से शिल्पग्राम एवं शिल्पग्राम उत्सव पर आधारित निःशुल्क फोटो प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अंतिम दिवस शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025 रात तक प्रविष्ठियां सबमिट कर सकते है। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य शिल्पग्राम की कलात्मकता, लोक-सांस्कृतिक परिवेश और उत्सव की जीवंतता को व्यापक मंच देना है। इसमें प्रतिभागी शिल्पग्राम या उत्सव से जुड़ी नई-पुरानी तस्वीरें भेज सकेंगे। प्रतियोगिता के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी प्रतिभागी मोबाइल, डीएसएलआर या ड्रोन कैमरे से ली गई अधिकतम 5 एमबी आकार की दो रंगीन या ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरें निर्धारित गूगल फॉर्म के माध्यम से 5 दिसम्बर रात्रि 12 बजे तक HTTPS://TINYURL.COM/SHILPGRAM लिंक से भेज सकते हैं। यह लिंक शिल्पग्राम तथा केन्द्र के सोशल मीडिया पेजों पर भी उपलब्ध है। इसके अलावा प्रविष्टियां गणगौर घाट स्थित बागोर की हवेली कार्यालय समयावधि में (10 से 5 बजे तक) ऑफ लाइन भी जमा करा सकते हैं। जूरी द्वारा चयनित तीन श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। चयनित और पुरस्कृत चित्रों का प्रदर्शन शिल्पग्राम उत्सव के दौरान संगम गैलेरी में किया जाएगा।

सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने संसद में उठाई मांग: जल्द से जल्द शुरू हो मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य



24 न्यूज अपडेट

राजसमंद / नई दिल्ली। सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने संसद में राजसमंद संसदीय क्षेत्र के नाथद्वारा में स्वीकृत मेडिकल कॉलेज का निर्माण जल्द से जल्द शुरू करने की मांग उठाई है। सांसद ने मुद्दा उठाते हुए कहा कि संसदीय क्षेत्र राजसमंद के अंतर्गत आने वाले द्वारा नाथद्वारा विधानसभा के गुंजोल ग्राम में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए राज्य के बजट वर्ष 2023 में घोषणा हुई थी और भूमि आवंटन भी किया गया था, परन्तु भवन निर्माण आरंभ अभी तक नहीं हो सका है। इसका क्या कारण हो सकता है ? उन्होंने कहा कि जिले में जनजाति बहुल क्षेत्र है- भीम, कुंभलगढ़ आदि जहां जनजाति समुदाय वर्षों से रह रहे हैं। इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की आवश्यकता है। जहाँ इन क्षेत्रों में नई मेडिकल संस्थाओं का निर्माण कर स्वास्थ्य सेवाओं के विकास की आवश्यकता है, वहीं मौजूदा मेडिकल संस्थाओं में नर्सिंग स्टाफ और डॉक्टरों की संख्या में वृद्धि के साथ उच्च स्तरीय मेडिकल सुविधाओं का विस्तार करना बेहद जरूरी है। और जब गुंजोल में राज्य के बजट के माध्यम से मेडिकल कॉलेज का निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है, तो कोई कारण नहीं बनता है कि इस मेडिकल कॉलेज के निर्माण में आने वाली बाधाओं को दूर न किया जाए जाए। मेडिकल कॉलेज निर्माण में आ रही विभिन्न बाधाओं और मौजूदा स्वास्थ्य संस्थाओं में नर्सिंग स्टाफ सहित आधारभूत मेडिकल सरचनाओं की कमी के कारण जनता विशेषकर नाथद्वारा और जनजाति बहुल क्षेत्र जैसे भीम और कुंभलगढ़ इत्यादि में स्वास्थ्य सेवाओं की आसान उपलधता पर गंभीर असर पड़ने की संभावना है। क्षेत्र में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए यथासंभव नीतिगत प्रयास करने जरूरी है।

उदयपुर में चेतक रूकती है 9 घंटे, मेवाड़ एक्सप्रेस 11 घंटे

अहमदाबाद कनेक्टिविटी का सवाल गोल कर गए कर मंत्रीजी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर/नई दिल्ली। लोकसभा में राजस्थान के बांसवाड़ा–डूंगरपुर के सांसद राजकुमार रोत द्वारा उदयपुर, डूंगरपुर और बांसवाड़ा क्षेत्र की रेल सेवाओं तथा लम्बे समय से लंबित डूंगरपुर–रतलाम नई लाइन परियोजना पर विस्तृत प्रश्न पूछे गए। इन प्रश्नों का केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सदन में विस्तृत जवाब देकर स्थिति स्पष्ट की। लेकिन मंत्रीजी अहमदाबाद के रास्ते दक्षिण व मुंबई को जोड़ने के सवाल को गोल कर गए जैसा कि वे कई मौकों पर पहले भी कर चुके हैं। ऐसे में फिर से निराशा ही हाथ लगी। अब हालत यह हो गई है कि भाजपा के सांसद सवाल पूछ नहीं रहे हैं, कांग्रेस के सांसदों ने इस मुद्दे पर अब तक कोई मन हीं नहीं बनाया है और अन्य सांसद पूछत हैं तो मंत्रीजी गोलमाल जवाब देकर बच निकलते हैं। इससे लोगों में गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। ऐसा लग रहा है कि अहमदाबाद का रास्ता अगले चुनाव के लिए छोड़ दिया गया है ताकि तब इसे तोहफे के रूप में पेश किया जा सके।

सांसद रोत ने सदन में पूछा कि क्या उदयपुर–दिल्ली रूट की चेतक एक्सप्रेस व मेवाड़ एक्सप्रेस का उदयपुर स्टेशन पर आठ घंटे से अधिक ठहराव होने के बावजूद उनकी सेवा को डूंगरपुर तक बढ़ाने पर सरकार विचार कर रही है? इसके साथ ही उन्होंने बांसवाड़ा–डूंगरपुर क्षेत्र की दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों से सीधी ट्रेन कनेक्टिविटी न होने की स्थिति और डूंगरपुर–रतलाम वाया बांसवाड़ा रेल परियोजना की प्रगति पर भी विस्तार से प्रश्न किए।

चेतक और मेवाड़ एक्सप्रेस की स्थित

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बताया कि चेतक एक्सप्रेस (20473/20474) दिल्ली सराय रोहिल्ला–उदयपुर के बीच चलती है और उदयपुर में लगभग नौ घंटे रुकती है। वहीं मेवाड़ एक्सप्रेस (12963/12964) हजरत निजामुद्दीन–उदयपुर के बीच संचालित होती है और उदयपुर में इसका लगभग ग्यारह घंटे का लेट-ओवर रहता है, जिसमें इसका प्राइमरी मेंटेनेंस किया जाता है। दोनों ट्रेनों की ऑक्यूपेंसी लगभग 100% है।

मंत्री ने स्पष्ट किया कि रेलवे अपने एसेट्स के अधिकतम उपयोग की नीति पर काम करता है। लेट-ओवर पीरियड का उपयोग कोच की सफाई, मेंटेनेंस और आवश्यकता पड़ने पर स्पेशल ट्रेनों के संचालन के लिए किया जाता है। किसी भी ट्रेन को आगे बढ़ाना कई तकनीकी और परिचालनिक कारकों पर निर्भर करता है—जैसे रूट कैपेसिटी, रास्ते की उपलब्धता, रोलिंग स्टॉक, ट्रैक मेंटेनेंस और इंफ्रास्ट्रक्चर।

डूंगरपुर सेक्शन में गेज कन्वर्जन के बाद बढ़ी कनेक्टिविटी

मंत्री ने बताया कि उदयपुर–डूंगरपुर–हिम्मतनगर सेक्शन का गेज कन्वर्जन पूरा हो चुका है, जिसके बाद डूंगरपुर को कोटा, इंदौर, उदयपुर, अहमदाबाद और जयपुर से जोड़ने वाली 5 जोड़ी नई ट्रेनें शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा कि कनेक्टिविटी बढ़ाना एक निरंतर प्रक्रिया है, जिसमें नई ट्रेन सेवाएँ शुरू करने या मौजूदा सेवाओं को बढ़ाने का निर्णय केवल ऑपरेशनल फिजिबिलिटी के आधार पर ही संभव है।

डूंगरपुर–बांसवाड़ा–रतलाम रेल परियोजनाः प्रगति धीमी, भूमि अधिग्रहण बाधा

सांसद रोत द्वारा उठाए गए सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न—डूंगरपुर–रतलाम वाया बांसवाड़ा नई लाइन (188 किमी)—पर मंत्री ने कहा कि यह परियोजना रेलवे और राजस्थान सरकार के बीच 50:50 लागत साझेदारी पर 2083 करोड़ की स्वीकृत लागत से मंजूर हुई थी। इसमें भूमि राज्य सरकार को अपने खर्चे पर देनी है। अब तक 1736 हेक्टेयर में से केवल 646 हेक्टेयर भूमि ही अधिग्रहित हो सकी है।

मंत्री वैष्णव ने स्पष्ट किया कि भूमि अधिग्रहण व मुआवजा वितरण राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है। रेलवे केवल राज्य सरकार द्वारा माँगी गई राशि उपलब्ध कराता है और अधिग्रहण की प्रक्रिया 2013 के भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन कानून के अंतर्गत की जाती है।

नई रेल लाइनों के सर्वे को भी मिली मंजूरी

क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए दो महत्वपूर्ण नई लाइन परियोजनाओं के सर्वे को मंजूरी दी गई है- नीमच–बांसवाड़ा–दाहोद–अलीराजपुर–नंदुरबार नई लाइन (380 किमी) मंदसौर–प्रतापगढ़–घाटोल–बांसवाड़ा नई लाइन (168 किमी) इन दोनों के फील्ड सर्वे पूरे हो चुके हैं और अब विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) तैयार की जा रही है। सांसद राजकुमार रोत द्वारा उठाए गए सवालों से यह स्पष्ट है कि बांसवाड़ा–डूंगरपुर–उदयपुर क्षेत्र लंबे समय से बेहतर रेल सुविधा की माँग करता रहा है। केंद्रीय मंत्री के जवाबों ने जहाँ प्रोजेक्ट की वास्तविक स्थिति स्पष्ट की है, वहीं यह भी संकेत दिया है कि क्षेत्र की कनेक्टिविटी सुधारने के प्रयास—नई लाइनें, गेज कन्वर्जन और नई ट्रेन सेवाएँ—चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ रहे हैं, हालांकि भूमि अधिग्रहण जैसी बाधाएँ अभी भी प्रगति रोक रही हैं।

उदयपुर सहित दक्षिण राजस्थान की जनता अब इन परियोजनाओं के जल्द मूर्त रूप लेने की अपेक्षा कर रही है, ताकि क्षेत्र को दिल्ली, मुंबई और अन्य महानगरों से सीधा रेल संपर्क मिल सके।

आरके पुरम में कलश यात्रा के साथ 7 दिवसीय भागवत कथा अमृत महोत्सव का शुभारंभ



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 3 दिसम्बर । शहर के आरके पुरम, गिरिजा व्यास पेट्रोल पंप के पीछे श्री नाथ नगर, साईं अपार्टमेंट के पास संगीतमय 7 दिवसीय "श्री मद भागवत" कथा अमृत महोत्सव कथा से पूर्व मंशापूर्ण महादेव मंदिर से कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। सात दिनों तक व्यासपीठ से पुष्कर दास महाराज के मुख से अमृतवाणी का श्रवण होगा।

विठ्ठल वैष्णव ने बताया कि कथा के प्रथम दिन सबसे पहले आचार्य संदीप शर्मा ने कलश और भागवत जी का पूजन विधि विधान से करवाया, उसके बाद में भागवत जी की पोथी को महादेव के चरणों में रखकर यात्रा का शुभारंभ किया गया। सभी लोगों ने जगह जगह पुष्प वर्षा करते हुए यात्रा का आदर पूर्वक सम्मान किया । महिलाओं ने अपने सिर पर कलश लेकर यात्रा में बढ़ चढ़ कर भाग लिया । मुख्य यजमान नरेंद्र वैष्णव ने परिवार के साथ भागवत की पोथी को सिर पर धारण किया। सभी महिलाएं भजनों पर झूमते हुए नृत्य करती हुई पूरे मार्ग में यात्रा में सम्मिलित हुई। पुरुष लोग भी भजनों में झूमते हुए नजर आए। यात्रा में सभी लोगों ने भगवान कृष्ण और राधा जी की सुंदर झांकी के दर्शन किए। पूरे मार्ग में भगवान के जयकारे लगते रहे। पहले दिन मुख्य यजमान नरेंद्र वैष्णव ने परिवार के साथ व्यासपीठ पूजन किया और पुष्कर दास महाराज का पगड़ी और उपरना से सम्मान किया ।

महाराज ने प्रथम दिन कहा कि भागवत में सोनक जी ने सूत जी महाराज से कहते हे ऐसी कथा सुनाओ जो कानों को प्रिय लगे और कथा सुनने से मेरे मन में बदलाव हो। कथा के सार की जरूरत है, जिसने भगवान को अपना मान लिया उसने भागवत के सार को समझ लिया । महाराज ने कहा वैष्णव परिवार ने कथा का आयोजन रख कर सभी को जोड़ने का प्रयास किया । कथा सत्संग का आयोजन करवाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है, करोड़ों जन्मों के पुण्य उदय होते तभी कोई भागवत का आयोजन करवा सकता है और कोई कथा को श्रवण कर सकता है ।

आगे प्रथम अध्याय की कथा में आत्मदेव की कथा आती है, आत्मदेव के बालक नहीं होने के कारण वह परेशान होते हे और संत उनके घर आते है और प्रसाद देते है। पत्नी धुंधुली गर्भ का दुख नहीं भोगना चाहती और प्रसाद का सेवन नहीं करती है प्रसाद गाय को खिला देती है। इधर उसकी बहन गरीब होती है ओर धुंधुली बहन को धन देती ओर अपनी बहन का बेटा अपने घर ले आती है। इधर गाय के बच्चा होता हे शरीर इंसान के जैसा और कान गाय की तरह जिसका नाम गोकर्ण रखा । गोकर्ण संत की प्रसादी था वह तो पूजा,संध्या आदि करता बहन का बेटा धुंधूकारी बड़ा उद्यमी स्वभाव का होता है। बड़ों की बात, संतों की बात और आंवले का स्वाद बाद में पता चला है। आत्मदेव को एक बेटा सुख दे रहा है एक बेटा दुख, महाराज ने कहा बच्चों के ऊपर मां का स्वभाव कैसा होता है वही असर करता है। बच्चों पर माता पिता को नियंत्रण रखने की जरूरत है, बेटियों को सही शिक्षा देने की जरूरत है । धुंधूकारी बुरे कार्य करने लगा, एक दिन पांच स्त्रियों में फंस गया । पांच स्त्रियां शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गंध द्य धुंधूकारी की अकाल मौत होने के कारण वह प्रेत बनकर भटकता हे उसकी आत्मा बांस में बैठी थी और सात गांठ से बंधा हुआ था भागवत कथा सुनने से उसका उद्धार हुआ।

कथा में प्रथम दिन गुप्तेश्वर महादेव महंत तन्मय बन महाराज, भगवान दास वैष्णव,पवन वैष्णव, गणेश दास,अतुल शर्मा, राकेश मूंदड़ा, सुनील चौबीसा, इंदर सिंह आदि उपस्थित रहे ।

जयपुर में होने वाली थी गैंगवार, 6 बदमाश पकड़ेः

हथियारों से लैस होकर थे आए, वर्चस्व की जंग में लेना था बदला



24 न्यूज अपडेट

जयपुर पुलिस ने गैंगवार होने से पहले ही कार्रवाई कर 6 बदमाशों को अरेस्ट किया है। रामनगरिया थाना पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3 देसी पिस्टल, 1 देसी कट्टा, 29 जिंदा कारतूस व 2 खाली मैगजीन और एक ब्लैक स्विफ्ट कार जब्त की है। गिरफ्तार बदमाश वर्चस्व की जंग में बदला लेने के लिए इकट्ठा हुए थे। पुलिस की ओर से गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त डीसीपी (ईस्ट) आलोक सिंघल ने बताया-अवैध हथियारों के साथ बदमाश खालिद खान (24) निवासी मनोहरपुरा कच्ची बस्ती जगतपुरा, महेन्द्र सिंह गुर्जर उर्फ माही गुर्जर (22) निवासी बामनवास सवाई माधोपुर, गिरधारी मिरोटा (27) निवासी लालसोट दौसा, रवि गुर्जर (20) निवासी शिश्यावास रामनगरिया, हनीफ मेव (23) निवासी नंहू हरियाणा हाल सीतापुरा सांगानेर सदर और नितिन घीया (23) निवासी माडल टाउन कॉलोनी जामडोली को अरेस्ट किया है। बदमाश महेन्द्र सिंह उर्फ माही गुर्जर दौसा के लालसोट से किडनैपिंग के मामले में वांछित है।

इलाकों को लेकर वर्चस्व की लड़ाई

पूछताछ में सामने आया है कि बदमाश रवि गुर्जर वीआईटी सीतापुरा में क्रिकेट ग्राउंड चलाता है। जिसकी रामनगरिया के मेंदला निवासी बाली मीणा से वर्चस्व व इलाकों को लेकर काफी समय से लड़ाई चल रही है। रामनगरिया, प्रताप नगर, खोह नागोरियान, कानोता, बस्सी और शिवदासपुरा इलाके को लेकर आपसी वर्चस्व को लेकर बाली मीणा गैंग से झगड़ा चल रहा है।

2 दिसंबर को बाली मीणा ने अपने साथियों के साथ मिलकर रवि के दोस्त सोनू मीणा के साथ मारपीट की थी। बदला लेने के लिए गैंग मेंबर को हथियारों के साथ रामनगरिया इलाके में इकट्ठा होने के लिए बुलाया। DST के कॉन्स्टेबल राजेश और नीरज की सूचना पर घेराबंदी कर हथियारबंद छहों बदमाशों को गैंगवार से पहले पकड़ लिया गया।

हाईकोर्ट की रोक पर RPSC ने की अपील,सुनवाई कलःअसिस्टेंट प्रोफेसर

एग्जाम के एडमिट कार्ड अपलोड नहीं हुए, परीक्षा 7 से होगी या नहीं;तय नहीं



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) परीक्षा-2025 के एडमिट कार्ड आज यानि गुरुवार को अपलोड नहीं किए गए हैं। परीक्षा 7 से 20 दिसंबर तक होनी है और बुधवार को हाईकोर्ट ने एग्जाम पर रोक लगा दी थी। इस आदेश के बाद आयोग ने अभी यह भी स्पष्ट नहीं किया है कि पेपर 7 दिसंबर से शुरू होंगे या नहीं। लेकिन आयोग प्रशासन ने अब इस रोक के फैसले का अवलोकन करने के बाद इस के खिलाफ अपील दायर कर दी है। सुनवाई कल होगी।

वेबसाइट से करने होते है एडमिट कार्ड डाउनलोड

आयोग ने 4 दिसंबर यानि परीक्षा से तीन दिन पहले एडमिट कार्ड अपलोड करने की बात कही थी, लेकिन इससे पहले ही हाईकोर्ट ने रोक लगा दी। आज ये एडमिट कार्ड अपलोड नहीं किए गए। अपलोड करने के बाद प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से एप्लिकेशन नंबर व जन्म तिथि से डाउनलोड किए जा सकेंगे। इसके अलावा SSO पोर्टल पर लॉगिन कर सिटिजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल लिंक से भी एडमिट काड्र्स को डाउनलोड किया जा सकता है।

राजस्थान हाईकोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा-2024 पर बुधवार को रोक लगा दी थी। जस्टिस अशोक कुमार जैन की अदालत ने यदुराज और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए रोक लगाई। परीक्षा 7 दिसंबर से होनी थी। कोर्ट ने कहा- आरपीएससी पहले परीक्षा का सिलेबस जारी करें। सिलेबस जारी होने के 30 दिन बाद परीक्षा करवाए। दरअसल, RPSC ने सितंबर में भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। लेकिन भर्ती परीक्षा का नया सिलेबस जारी नहीं किया था। जिसे लेकर हाईकोर्ट ने आरपीएससी सचिव को भी तलब किया था।

सात दिवसीय सांस्कृतिक–साहित्यिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता में पारम्परिक खेलों का जलवा, सर्वांगीण विकास के लिए खेल जरूरी - प्रो. सारंगदेवोत



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 दिसंबर। राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में चल रही सात दिवसीय सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन महाविद्यालय परिसर का माहौल उत्साह से सराबोर रहा। खेल मैदान में आयोजित विभिन्न पारम्परिक खेलों में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपना कौशल प्रदर्शित किया। विशेष रूप से छात्राओं ने कबड्डी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। महाविद्यालय प्रशासन ने घोषणा की कि सभी विजेता प्रतिभागियों को आगामी 15 दिसंबर को आयोजित वार्षिकोत्सव में सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यापीठ के कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, राज्यपाल के सलाहकार प्रो. कैलाश सोडाणी, प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग एवं डॉ. युवराज सिंह राठौड़ ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि खेल व्यक्ति के जीवन में ऊर्जा, अनुशासन और टीम भावना का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल उतने ही आवश्यक हैं जितने शिक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियाँ। खेल प्रभारी डॉ. रोहित कुमावत ने विभिन्न स्पर्धाओं के परिणामों की जानकारी दी। छात्र वर्ग की 100 मीटर दौड़ में विजय सिंह मीणा ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि अल्केश मेघवाल व लक्षित मेनारिया क्रमशः द्वितीय व तृतीय रहे। 200 मीटर में हंसराज मीणा प्रथम, अम्बालाल मीणा द्वितीय और पुरण मल गाड़री तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में सागर मेनारिया ने बाजी मारी, जोगाराम दूसरे और कुंदन चौबीसा तीसरे स्थान पर रहे। छात्रा वर्ग की 100 मीटर दौड़ में कल्पना कुवंर देवड़ा प्रथम, निर्मला नाथ द्वितीय व गायत्री सालवी तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर में कल्पना देवड़ा ने पहला स्थान हासिल किया, पायज गुर्जर द्वितीय व अमीशा मीणा तृतीय रहीं। 400 मीटर में ज्योति कुवंर ने प्रथम, कल्पना कुवंर ने द्वितीय और कुसुम डांगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तश्तरी फेंक में छात्र वर्ग में श्रवण कुमार पहले, लक्षित मेनारिया दूसरे और अनिल सुथार तीसरे स्थान पर रहे। छात्रा वर्ग में ज्योति कुवंर प्रथम, फिरदोस बानू द्वितीय और माया कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं गोला फेंक में छात्र वर्ग के जितेन्द्र प्रथम, मोहनलाल द्वितीय और अल्केश मेघवाल तृतीय रहे। छात्रा वर्ग में गायत्री प्रथम, कुसुम द्वितीय और पायल तृतीय रहीं। कार्यक्रम में प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. युवराज सिंह राठौड़, समाजसेवी भरतभानु सिंह देवड़ा, अरविंद बडाला, डॉ. रचना राठौड़, डॉ. अमी राठौड़, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. बी.एल. श्रीमाली, निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत, डॉ. अमीत बाहेती, डॉ. निवेदिता, डॉ. अनिता कोठारी, डॉ. रोहित कुमावत, डॉ. हरीश चौबीसा, डॉ. अमित दवे, डॉ. हरीश मेनारिया सहित संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. हरीश चौबीसा ने किया।

जयपुर में यातायात नियम तोड़ने वालों पर 'मोबाइल कोर्ट' की सख्ती, नशे में ड्राइविंग पर 18,000 तक का जुर्माना, यातायात उल्लंघन पर कोर्ट ने बस भी ज़ब्त की

24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 04 दिसम्बर। राजधानी जयपुर में अब यातायात नियमों की अनदेखी करना चालकों को भारी पड़ रहा है। जयपुर महानगर प्रथम की मोबाइल कोर्ट ने नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए अधिकतम अभियोजन व्यय लगाना शुरू कर दिया है। यह कार्रवाई न्यायालय अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कम-13 व 14 के पीठासीन अधिकारी रोहित शर्मा (आर.जे.एस.) व हिमांशू चावला (आर.जे.एस.) के नेतृत्व में की जा रही है। सख्त संदेश देने की तैयारी अभियोजन अधिकारी संदीप कुमार मूंड व मोहन शर्मा के अनुसार न्यायालयों द्वारा दोषसिद्धि के बाद अधिकतम अभियोजन व्यय आरोपित कर सख्त रुख अपनाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले लोगों को एक कठोर और स्पष्ट संदेश देना है, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह सख्ती गंभीर मामलों, विशेषकर नशा (शराब) में वाहन चलाने वाले चालकों पर केंद्रित है।

शराब पीकर चलाने वालों पर भारी जुर्माना

न्यायालय ने सख़्ती दिखाते हुए कई गंभीर प्रकरणों में भारी अभियोजन व्यय लगाया है। उदाहरण के लिए, न्यायालय जे.एम. 13 प्रथम ने सरकार बनाम राजेश वाहन सं. RJ14GQ4169 और रामअवतार RJ14PF1084 पर 18-18 हजार का अभियोजन व्यय लगाया है। इसी तरह, न्यायालय जे.एम. 14 प्रथम ने रतिराम गुर्जर RJ26CA9648 पर 14,000/- और सुधीर शर्मा MH43X4832 पर 15,000/- का अभियोजन व्यय लगाया।

नियम तोड़ने वाली बस ज़ब्त, यात्रियों को मिली सुविधा

अभियोजन अधिकारी ने बताया कि चैकिंग के दौरान एक बस RJ14PD7516 को यातायात नियम का उल्लंघन करते हुए पाया गया। मोबाइल कोर्ट द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए बस को मौके पर ही ज़ब्त कर लिया गया। हालांकि, आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बस में मौजूद यात्रियों को वहीं पर सवारी खाली करवाकर उनके गंतव्य तक जाने के लिए अन्य साधन उपलब्ध करवाया गया, जिससे उन्हें किसी तरह की असुविधा न हो।

पुलिस जिंदाबाद के नारे, टीचर का हत्यारा बोला- प्रेमी का कॉल आया और मैंने घोंप दी तलवार!!



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा। कलिंजरा थाने के बहुचर्चित सरकारी टीचर लीला ताबियार हत्याकांड में पुलिस ने गुरुवार को आरोपी महिपाल भगोरा (25) को वारदात स्थल ले जाकर सीन रिक्रिएशन कराया। बस स्टैंड पर भारी भीड़ जमा हो गई और पुलिस को देखते ही लोगों ने "पुलिस जिंदाबाद" के नारे लगाने शुरू कर दिए। SHO ने भीड़ को शांत कराया, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी से पूरे घटनाक्रम की बारीकियां दोबारा समझीं। इसी दौरान महिपाल ने मौके पर ही भीड़ के सामने हत्या का स्वीकारोक्ति भरा बयान दोहराया।

मौके पर आरोपी का खुला कबूलनामा

पुलिस के ले जाने पर बस स्टैंड की वही जगह दिखाई गई, जहां 1 जुलाई की सुबह 10:30 बजे लीला पर हमला हुआ था। यहाँ महिपाल ने बताया— मैं पहले भी उसके पास आया था। उसके पर्स से फोन ले लिया था। जैसे ही कार में बैठा, उसके प्रेमी का कॉल आ गया। मैं गुस्से में लौट आया कार खड़ी की तलवार निकाली और उसके पेट में घुसा दी। उसने यह भी माना कि वह लीला को अपने साथ ले जाना चाहता था और तलवार सिर्फ "डराने" के लिए लेकर आया था, लेकिन कॉल आने पर उसका गुस्सा बढ़ गया।

भीड़ उत्साहित, SHO ने संभाला माहौल

जब पुलिस आरोपी को लेकर पहुँची तो स्थानीय लोग जोश में नारे लगाने लगे। SHO विक्रम सिंह ने भीड़ को संयम रखने का इशारा किया और शांत वातावरण में आरोपी का वीडियो बयान रिकॉर्ड करवाया। 1 जुलाई को सरकारी स्कूल में पदस्थ टीचर लीला ताबियार (36) बस स्टैंड के निकट दुकानों के पास बैठी थीं। तभी अल्टो कार से उतरे महिपाल ने पहले बातचीत की, फिर पीछे से हमला कर तलवार सीधे लीला के पेट में घुसा दी। गंभीर घायल लीला वहीं बेसुध होकर गिर पड़ीं और अस्पताल ले जाने पर मौत हो गई। आरोपी मौके से कार में भागा, रास्ते में कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई तो वह जंगलों में छिपता फिरता रहा। कई दिनों की खोजबीन के बाद कलिंजरा थाना पुलिस ने 2 नवंबर को महिपाल को उदयपुर में एक ट्रक पर ड्राइवर के रूप में काम करते हुए गिरफ्तार किया। महिपाल पहले आर्मी भर्ती की तैयारी कर चुका है और फरारी के दौरान खुद को छिपाने के लिए अलग-अलग जगहों पर ड्राइविंग का काम करता रहा। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया था और गुरुवार को घटनास्थल ले जाकर पूरा सीन रिक्रिएट कराया। पुलिस अब उसके मोबाइल, कॉल डिटेल और हथियार की बरामदगी से जुड़ी जांच आगे बढ़ा रही है।

भागवत कथा सुनने से दुख दूर होता है : पुष्कर दास महाराज



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 दिसम्बर। शहर के आरके पुरम, गिरिजा व्यास पेट्रोल पंप के पीछे,श्री नाथ नगर, साईं अपार्टमेंट के पास में पुष्कर दास महाराज के द्वारा चल रही संगीतमय भागवत कथा के दूसरे दिन भगवान विष्णु ने बालक ध्रुव को साक्षात्कार दर्शन दिए। संयोजक विठ्ठल वैष्णव ने बताया कि कथा के दूसरे दिन गुरुवार को व्यासपीठ से पुष्कर दास महाराज ने कहा कि भागवत में कलयुग का स्थान चार जगह बताया है स्वर्ण (सोना) में, जुआ में, शराब में, बाजारू स्त्री में, शास्त्रों में सप्त सरोवर, संगीत के 7 स्वर, इसलिए भागवत की कथा 7 दिवसीय रखी जाती है। राजा परीक्षित के पास भी 7 दिन की अवधि थी। परीक्षित को कथा में रस इसलिए लगा क्यूं कि राजा की मौत निकट थी 7वें दिन, जिसकी मौत निकट हो उसका मन कथा में ओर भजन में लगेगा। राजा ने शुकदेव जी से प्रार्थना की आप मेरी मुक्ति करो मेरे पास 7 दिन का समय बचा है । राजा ने अनीति के धन का मुकुट पहना इसलिए उसकी बुद्धि बिगड़ी और ऋषि के गले में मरा हुआ सर्प डाला और ऋषि के बेटे को जब पता चला तो उसने राजा को श्राप दिया द्य संतों के आशीर्वाद से मती सही बनी रहती है तभी व्यक्ति प्रगति कर सकता है, कर्म की गति गहन है। कर्म करते समय सभी को ध्यान रखने की जरूरत है, पहले एक धृतराष्ट्र था ,एक गांधारी थी परन्तु आज के समय में घर घर में गांधारी मिलेगी जो अपने संतानों की गलतियों पर पर्दा डाले। गलती घर का एक व्यक्ति करता परन्तु सजा सभी पाते । आज के समय में बेटा, बेटियों पर ध्यान देने की ज्यादा जरूरत है। माता पिता में संस्कार होंगे तो बच्चों को दे पाएंगे।

महाराज ने कहा सभी घरों में अपने बड़ों का आदर करे, पत्नी पति को झुके, बच्चे माता - पिता बड़ों को नित्य प्रणाम करे । बहु सास को प्रणाम करें, आदर, सम्मान करने पर ही हमारे घर के संस्कार बने रहेंगे। आगे कहा हर इंसान दुनिया में जन्म लेकर आता है तो मां के गर्भ में उल्टा ही होता है यही भागवत का उत्तानपाद है। उत्तानपाद की दो रानी होती है सुरुचि और सुनीति, सत्संग में बैठे वही सुनीति है, सांसारिक सुख सुविधा में जो होता है उसे सुरुचि कहते है, जो सुनीति (ज्ञान) के आधीन होता है उसे शाश्वत सुख (ध्रुव) मिलता है। 5 साल का बालक भक्ति करने जाता है रास्ते में नारद जी मिलते है नारद जी बालक को मंत्र दीक्षा देते है। नमो भगवते वासुदेवाय और इसी मंत्र को ध्रुव जी जाप करते है और उन्हें जंगल में भगवान विष्णु दर्शन देते है। अंत में भगवान विष्णु और बालक ध्रुव की सुंदर झांकी के सभी भक्तों ने दर्शन किए। गुरुवार को कथा में नरेंद्र निंबार्क, चंद्र शेखर शर्मा, यशवंत पांडे, जितेंद्र शर्मा, जमना लाल साहू, मयूर वैष्णव, तुषार वैष्णव आदि उपस्थित रहे।संयोजक विठ्ठल वैष्णव ने बताया शुक्रवार को कथा में हिरणाकश्यप और भक्त प्रहलाद चरित्र के प्रसंग का वर्णन किया जाएगा ।

डूंगरपुर में बच्चों की तस्करी का प्रयास नाकाम, 22 मासूम छुड़ाए



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुरः जिले में आरपीएफ, चाइल्ड लाइन व सृष्टि सेवा संस्थान ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए डूंगरपुर रेलवे स्टेशन से 22 बाल श्रमिकों को मुक्त करवाया है. वहीं 3 दलालों को भी डिटेन किया गया है. दलाल डूंगरपुर जिले के विभिन्न गांवों से बच्चों को कैटरिंग कार्य के लिए गुजरात ले जा रहे थे. ये सभी चित्तौड़गढ़ से असारवा (गुजरात) जाने वाली ट्रेन में बैठकर जाने का इंतजार कर रहे थे.

डूंगरपुर जिले में बाल अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित चाइल्ड लाइन के समन्वयक मेहुल ने बताया कि डूंगरपुर रेलवे स्टेशन से आरपीएफ से सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन पर कुछ बच्चे आए हुए है और गुजरात बाल श्रम के लिए ले जाने की आशंका है. जिस पर चाइल्ड लाइन, सृष्टि सेवा संस्थान, आरपीएफ ओर जीआरपी की टीम रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई. टीम को देखते ही बच्चों को ले जा रहे दलाल भागने लगे. टीम ने उन्हें रोका और पूछताछ कि तो गुमराह करते रहे.

दलाल बोले वे बच्चों को नहीं जानते है, लेकिन जब बच्चों से पूछा तो उन्होंने पहले अंकल होने के बारे में बताया फिर पिकनिक जाने का कहकर गुमराह करते रहे. लेकिन सभी बच्चों से अलग-अलग पूछताछ करने पर बच्चों ने सारी बात बता दी. स्टेशन से कुल 27 बच्चों का रेस्क्यू किया गया, जिसमें से 22 बच्चे नाबालिग पाए गए. बच्चों की उम्र 11 से 18 साल के बीच है, जबकि 5 बच्चे बालिग पाए गए. वहीं उन्हें ले जा रहे 3 दलालों को डिटेन किए गए. दलाल जयचंद, आशीष और संजय ने बताया कि कैटरिंग के कार्य के लिए डूंगरपुर जिले के झोथरी, बेडसा, सीमलवाड़ा ओर मेवाड़ा गांव से 22 बच्चों को गुजरात ले जा रहे थे. डूंगरपुर रेलवे स्टेशन से चित्तौड़गढ़ से असारवा जाने वाली ट्रेन में बच्चों को ले जाने वाले थे. बाल श्रमिकों को मुक्त करवाने के बाद टीम ने सीडब्लूसी के समक्ष पेश किया. जहां से सीडब्लूसी ने बाल श्रमिकों को बाल संप्रेषण गृह भेजने के निर्देश दिए हैं. वही दलालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के भी निर्देश दिए हैं.

एशियन सीनियर पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए उदयपुर के गौरव साहू तुर्की रवाना



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 दिसंबर। तुर्की के इस्तांबुल स्थित होटल इसेर डायमंड एंड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होने वाली एशियन सीनियर पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए उदयपुर के अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टर गौरव साहू आज वॉल्वो बस से दिल्ली के लिए रवाना हुए। दिल्ली से वे बुधवार सुबह भारतीय टीम के साथ तुर्की प्रस्थान करेंगे। यह जानकारी राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग संघ के आयोजन सचिव विनोद साहू ने दी। उन्होंने बताया कि गौरव इंडिगो की फ्लाइट से 7 सदस्यीय भारतीय दल के साथ इस्तांबुल पहुंचेंगे, जहां वे 59 किलोग्राम भार वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनका मुकाबला 7 दिसंबर को सुबह 10 बजे निर्धारित है।

सुखेर चौराहा पर हुआ पारंपरिक स्वागत

तुर्की रवाना होने से पहले सुखेर चौराहा पर गौरव साहू का मेवाड़ी पगड़ी और उपरणा पहनाकर सम्मान किया गया। खेल प्रेमियों, पदाधिकारियों और परिजनों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर शुभकामनाएं दीं। स्वागत करने वालों में— राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग संघ के सचिव देवेन्द्र साहू राजस्थान स्ट्रेंथलिफ्टिंग संघ के सचिव चंद्रेश सोनी जिला कराटे संघ के सचिव विक्रम सहगल चैम्बर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष सुखलाल साहू राष्ट्रीय खिलाड़ी जयेश कामोया, भाग्यश्री नेशनल स्कूल वेटलिफ्टिंग गेम्स के पदक विजेता रुपेश बरेंडा, मितांशु सेन गौरव की माता सावित्री साहू जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष विनोद साहू सहित अनेक खेल प्रेमी मौजूद रहे।

15 देशों के चैंपियनों से होगी टक्कर

इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में मंगोलिया, ओमान, ताइवान, लेबनान, ईरान, कजाकिस्तान, सीरिया, रूस, यूएई, उज्बेकिस्तान, फिलिपींस, जापान, मलेशिया सहित लगभग 15 देशों के खिलाड़ी भाग लेंगे।

गौरव साहू हाल ही में रोमानिया में आयोजित विश्व सीनियर पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 59 किलो भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर छठा स्थान हासिल कर चुके हैं। यह उनकी पहली एशियन सीनियर चैंपियनशिप होगी। इससे पहले वे— इस्तांबुल में आयोजित एशियन जूनियर चैंपियनशिप में 4 स्वर्ण पदक हांगकांग की एशियन सब-जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुके हैं। यह गौरव का भारतीय टीम के साथ चौथा विदेशी दौरा है। प्रतियोगिता के बाद वे 11 दिसंबर को दिल्ली वापस लौटेंगे। खेल प्रेमियों ने आशा व्यक्त की है कि गौरव इस बार भी शानदार प्रदर्शन कर एशियन सीनियर चैंपियनशिप में भारत के लिए पदक जीतेंगे।

आज दिवेर में मेवाड़ स्तरीय मंगल भावना समारोह व दायित्व हस्तांतरण के साथ होगा मेवाड़ यात्रा का समापन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 दिसम्बर। तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशम अधिशास्ता आचार्य महाश्रमण अपनी धवल वाहिनी के साथ श्रद्धा, भक्ति, त्याग, शौर्य, और बलिदान की वीर वसुंधरा मेवाड़ में अहिंसा यात्रा के माध्यम से नशामुक्ति , नैतिकता और सद्भावना का संदेश देते हुए विभिन्न क्षेत्रों का विचरण करते हुए धर्म प्रभावना कर रहे है। श्री मेवाड़ जैन श्वेताम्बर तेरापंथी कांफ्रेंस के अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने बताया कि आचार्य महाश्रमण 4 दिसम्बर प्रातः धानीन से मंगल विहार करके तेरापंथ भवन लाम्बोडी पधारे। सांयकाल में पुनः विहार कर आचार्य महाश्रमण कितेला पधारे जहां रात्रि प्रवास हुआ।आचार्य महाश्रमण का 5 दिसंबर का प्रवास महाराणा प्रताप की विजय स्थली दिवेर में किया जाना है।

- विदेश की धरती रशिया से प्रेक्षाध्यान शिविर में 32 शिविर संभागी बने सहभागी

फत्तावत ने बताया कि आचार्य महाश्रमण के विहार में आज विदेश की धरती रशिया से प्रेक्षाध्यान शिविर में सहभागी बने लगभग 32 शिविर संभागी भी साथ चले। एकरूपता की दृष्टि से एक समान यूनिफार्म में जैन ध्वज पकड़े विदेशी शिविरार्थी का नजारा देखने लायक बन रहा था।

- मंगल भावना समारोह के साथ होगा मेवाड़ यात्रा का समापन

आचार्य महाश्रमण की एक माह की मेवाड़ यात्रा जिसका दायित्व श्री मेवाड़ जैन श्वेताम्बर तेरापंथी कांफ्रेंस को दिया गया और मेवाड़ कांफ्रेंस द्वारा उस दायित्व का निर्वहन किया गया। इस मेवाड़ यात्रा का समापन 5 दिसम्बर को महाराणा प्रताप की विजय स्थली दिवेर में होने जा रहा है, जहां पर आचार्य महाश्रमण के सान्निध्य में मेवाड़ स्तरीय मंगल भावना समारोह और दायित्व हस्तांतरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। श्री मेवाड़ जैन श्वेताम्बर तेरापंथी कांफ्रेंस द्वारा दायित्व रूपी ध्वज आचार्य महाश्रमण मर्यादा महोत्सव समिति छोटी खाटू को हस्तांतरित किया जाएगा। मंगल भावना समारोह में विश्व हिंदू परिषद के अखिल भारतीय संयुक्त महासचिव स्वामी विज्ञानानंद जी, मेवाड़ राजघराने के डॉ लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, भीम विधायक हरि सिंह रावत, सहाड़ा विधायक लादुलाल पितलिया अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस मंगल भावना समारोह और दायित्व हस्तांतरण कार्यक्रम में मेवाड़ के विभिन्न स्थानों के साथ साथ भारत के अनेकों स्थानों से भी श्रावक श्राविकाये मौजूद रहेंगे।

आचार्य महाश्रमण ने विहार के बाद तेरापंथ भवन लाम्बोडी में आयोजित विशाल किसान सम्मेलन में उपस्थित किसानों, ग्रामीणों, श्रावक श्राविकाओं और जन समुदाय को अमृत देशना देते हुए फरमाया कि आगम में कहा गया है कि मनुष्य जीवन दुर्लभ मन जाता है। 84 लाख जीव योनि में मानव जीवन मिलना मुश्किल है।इस जीवन में जो व्यक्ति धर्म करता है साधना करता है उसके लिए यह जीवन धन्य हो जाता है। सद्गुणों से बड़ा व्यक्ति महान होता है।व्यक्ति को हर दृष्टि से जागरूक रहना चाहिए। भगवान महावीर ने पूरी मनुष्य जाति को एक समान बताया है। कोई ऊँचा और कोई नीचा नहीं है। भारत में कोई जाति, पंथ, मजहब अलग अलग हो सकता है लेकिन फिर भी सभी हिंदुस्तानी है। व्यक्ति के भीतर सबके प्रति मैत्री भाव रहना चाहिए, किसी से शत्रुता का भाव नहीं रखना चाहिए। आज चतुर्दशी होने के कारण आचार्य महाश्रमण की सन्निधि में हाजरी का वाचन समस्त साधु साध्वियों की उपस्थिति में कराया गया। आज के कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित कुंभलगढ़ विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़, लाम्बोडी सरपंच मुकेश सिंह, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लाम्बोड़ी के प्रधानाचार्य कुलदीप जी ने आचार्य महाश्रमण के प्रति अपने भावो की आस्थासिक्त अभिव्यक्ति प्रस्तुत की।

आज के कार्यक्रम में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा लाम्बोडी के अध्यक्ष पारसमल बापना, तेरापंथ महिला मंडल अध्यक्ष संगीता हिंगड, दिनेश बापना, हस्तीमल बापना, उपासिका मीना बापना ने वक्तव्य के माध्यम से और रमेश धोका , नरेश बापना, रेखा मादरेचा द्वारा गीत के माध्यम से आचार्य महाश्रमण का स्वागत किया गया। तेरापंथ महिला मंडल द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति की गई। अंत में उपस्थित जन समुदाय को मंगल पाठ का श्रवण करवाया गया।

अधिकारी निर्माणाधीन भवनों का कार्य गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए निर्धारित अवधि में पूर्ण करवाये : विधायक परमार



24 न्यूज अपडेट

खेरवाड़ा, विधायक डाक्टर दयाराम परमार ने कहा कि सम्बधित विभागों के अधिकारी निर्माणाधीन भवनों का कार्य गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए निर्धारित अवधि में भवनों का कार्य पूर्ण करवाये। डाक्टर परमार आज उपखण्ड नयागांव की पंचायत समिति नयागांव के निर्माणाधीन भवन एवं राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गतराली के निर्माणाधीन दोनों भवनों का निरीक्षण कर कार्यस्थल पर उपस्थित ठेकेदार के सुपरवाइजर एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा कि निर्माणाधीन भवनों का कार्य गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए निर्धारित अवधि में भवनों का कार्य शीघ्र पूर्ण करवाये।

इस अवसर पर खेरवाडा के लेम्पस अध्यक्ष पंडित मोहनलाल औदिच्य, ब्लॉक कांग्रेस खेरवाडा के सेवादल अध्यक्ष धर्मिचन्द पाण्डोर, पूर्व सरपंच कान्ति लाल दरंगा गतराली, धनजी भाई परमार ईटवा, सुपरवाइजर भूपेन्द्र कलाल, समाज सेवी लक्ष्मण दरंगा ,रेवाशंकर दरंगा, चान्दमल दरंगा सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। विधायक परमार ने गतराली में नागरिकों से रुबरु होकर उनकी समस्याएं भी सुनी।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।